## 2.9. सहायता संघीय व्यवस्था के अंतर्गत ऋण

बैंकों को सहायता संघीय व्यवस्था के अंतर्गत भी एकसमान दर पर ब्याज लगाना आवश्यक नहीं है। प्रत्येक सदस्य-बैंक को ऋणकर्ताओं को दी गयी ऋण-सीमा के भाग पर अपनी आधारभूत मूल उधार दर के अधीन ब्याज लगाना चाहिए ।

## 2.10. मासिक अंतराल पर ब्याज प्रभारित करना

2.10.1 बैंकों को 1 अप्रैल 2002 से मासिक अंतरालों पर ब्याज प्रभारित करने की प्रणाली में अंतरित होना था। बैंकों को यह सुनिश्चित करना था कि नई प्रणाली में अंतरण केवल मासिक अंतरालों पर ब्याज प्रभारित/संयोजित करने की प्रणाली में अंतरण के कारण प्रभावी दर में वृद्धि से उधारकर्ताओं पर उसके बोझ में वृद्धि नहीं होती है।

उदाहरण के लिए :

यदि कोई बैंक किसी ऋणकर्ता के खाते में 12 प्रतिशत की दर पर तिमाही अंतराल पर ब्याज लगाता है तो प्रभावी दर 12.55 प्रतिशत हो जाती है । यदि बैंक उसी खाते में 12 प्रतिशत की दर पर मासिक अंतराल पर ब्याज लगाता है तो प्रभावी दर 12.68 प्रतिशत हो जाती है । इसलिए बैंकों को ऋणकर्ता के खाते में लगायी गयी 12 प्रतिशत की ब्याज दर को इस तरह समायोजित करना चाहिए कि ऋणकर्ता के लिए प्रभावी ब्याज दर अब तक की तरह 12.55 प्रतिशत से अधिक न हो जाये । इस प्रकार उपर्युक्त उदाहरण में बैंकों को 11.88 प्रतिशत की दर पर ब्याज लगाना चाहिए (न कि 12 प्रतिशत) । यदि ऐसा किया जायेगा तो मासिक अंतराल पर चक्र वृद्धि ब्याज दर लगाने पर भी प्रभावी दर 12.55 प्रतिशत होगी ।

2.10.2. मासिक अंतराल पर ब्याज सभी नये और मौजूदा मीयादी ऋणों तथा अपेक्षाकृत लंबी / नियत अवधि के अन्य ऋणों पर लागू होगा । अपेक्षाकृत लंबी / नियत अवधि के मौजूदा ऋणों के मामले में बैंक ऋण की शर्तों की समीक्षा करते समय अथवा ऐसे ऋण- खातों का नवीकरण करते समय या ऋणकर्ता से सहमति प्राप्त करने के बाद मासिक अंतराल पर ब्याज लगाना आरंभ करेंगे ।

2.10.3 मासिक अंतराल पर ब्याज लगाने से संबंधित अनुदेश कृषि अग्रिमों पर लागू नहीं होंगे और बैंक फसल-मौसमों से संबद्ध कृषि अग्रिमों पर ब्याज लगाने /चक्रवृद्धि ब्याज लगाने की वर्तमान प्रथा जारी रखेंगे । 29 जून 1998 के परिपत्र आरपीसीडी.सं. पीएलएफएस. बीसी. 129/ 05.02.27/ 97-98 में दिये गये अनुदेशों के अनुसार बैंकों को लंबे समय की फसलों के लिए कृषि अग्रिमों पर वार्षिक अंतराल पर ब्याज लगाना चाहिए । अल्प समय की फसलों और संबद्ध कृषि कार्यकलापों जैसे डेरी, मछली पालन, सुअर पालन, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन आदि के संबंध में यदि ऋण / किस्त का भुगतान अतिदेय हो जाये तो बैंक ब्याज लगाते समय और चक्रवृद्धि ब्याज लगाते समय ऋण लेने वालों के साथ लचीलेपन और फसल कटने /बेचने के मौसम के आधार पर तय की गयी तारीखों को ध्यान में रखें । साथ ही, बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे और सीमांत किसानों को दिए जाने वाले

